# रावत
# सीनियर सैकण्डरी स्कूल
(रावत एजुकेशनल ग्रुप की एक अग्रणी संस्था)



Rawat Educational Group
Since 1983

## विवरणिका

**नवीनता**
की ओर अग्रसर
संस्कार युक्त शिक्षा हेतु
**संकल्पबद्ध**



## हमारा दृष्टिकोण

हम एक ऐसे युवा वर्ग का निर्माण करना चाहते हैं जो देश के प्रति आत्मिक रूप से समर्पित हो और जिसमें देश की सभ्यता और संस्कृति के प्रति गौरव को अक्षुण रखने की प्रवृत्ति पनपे एवं जो वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से युक्त हो।

## हमारा लक्ष्य

विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम आत्मविश्वास एवं चारित्रिक गुणों से परिपूर्ण करना जिससे वे जीवन की समस्त चुनौतियों का दृढ़ता पूर्वक सामना कर सके एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।



# चेयरमैन की कलम से...

प्रिय अभिभावक,

**जिस शिक्षा से हम अपना जीवन निर्माण कर सके मनुष्य बन सके,**
**चरित्र गठन कर सके एवं विचारों का सामंजस्य कर सके वही वास्तव में शिक्षा कहलाने योग्य है**
**–स्वामी विवेकानन्द**

रावत सी.सै.स्कूल, विवेक विहार रावत एजुकेशनल ग्रुप की प्रारंभिक शाखा है।

प्रगतिशील राष्ट्र निर्माण हेतु शिक्षा के प्रचार प्रसार का कार्यक्रम रावत एजुकेशनल ग्रुप के माध्यम से प्रारंभ हुआ।

आधुनिक युग में शिक्षा का स्वरूप व्यापक हो चुका है। आज का विद्यार्थी सैद्धांतिक शिक्षा के साथ साथ मानव मूल्यों के निर्माण हेतु जीवन एवं नैतिक शिक्षा को भी प्राप्त कर रहा है। अतः शिक्षण संस्थानों का यह कर्तव्य बनता है कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृतसंकल्पित होकर विद्यालय में विविध गतिविधियों को संचालित करें जो कि विद्यार्थियों को एक सही दिशा में मार्गदर्शन दे सकें। रावत एजुकेशनल ग्रुप के विद्यार्थी सीबीएसई व आरबीएसई दोनों माध्यम में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करके समय समय पर संपूर्ण ग्रुप को गौरवान्वित करते रहे है इसके साथ ही संगीत, नृत्य एवं अन्य खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जीवन के विविध आयामों में सफलता हासिल की है। हम आशा करते हैं कि हमारे विद्यार्थी नवीन ऊँचाइयों को छुएँ एवं अपने गंतव्य को प्राप्त कर अभिभावकों, विद्यालय एवं राष्ट्र का नाम आलोकित करें।

**बी. एस. रावत**
चेयरमैन



# निदेशक की कलम से...

प्रिय अभिभावक,

**सपने वो नहीं जो आप सोते वक्त देखते है, सपने वो होते है जो आपको सोने नहीं देते है**
**(डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम)**

आज हमें एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जो परम्पराओं और आधुनिकता को समाहित करती हो, जिसमें संस्कृति के प्रति सम्मान तो हो ही साथ ही वो ऐसे चारित्रिक गुणों को दर्शाए जो आने वाली पीढियों के लिए एक प्रेरणा बन सके।

रावत सी. सैकण्डरी स्कूल विवेक विहार, एक ऐसा स्वस्थ वातावरण प्रदान करता है जिसमें विद्यार्थी अपनी समस्त प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्राप्त करते है एवं शिक्षा के नित नये आयामों से परिचित होते है यहां विद्यार्थी की बहुमुखी प्रतिभा को परिचय दिया जाता है एवं मनचाहे क्षेत्र में भविष्य विकसित करने की राह दिखाई जाती है। यह विद्यालय विद्यार्थियों के लिए एक उपयुक्त स्थान है जहाँ वे जीवन के मूल्यों को सीखते हैं।

**हेमेंन्द्र सिंह रावत**
(निदेशक)



# निदेशक की कलम से...

प्रिय अभिभावक,

**होती है जब जूनून से शुरूआत, लक्ष्य बन जाते है आसान।**
**मिलता है जब सही मार्गदर्शन, छू लेते है आसमान।।**

कठिन परिश्रम व दृढ़ निश्चय जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, अतः विद्यालय एक महत्वपूर्ण स्थान है जहाँ पर विद्यार्थियों को एक बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जाता है और राष्ट्र के लिए एक आत्मविश्वास से युक्त नागरिक के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होती है। आज की शिक्षा रचनात्मक तो है ही साथ ही अनेक नवाचारों से युक्त है। आधुनिक समय में शिक्षा के नवीन आयाम स्थापित हो गए हैं अतः विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों पर यह अतिरिक्त जिम्मेदारी आती है कि वे विद्यार्थियों को आधुनिक समय की जीवन शैली के अनुरूप तैयार कर सके। रावत एजुकेशनल ग्रुप के सभी विद्यालय इस नवाचार और रचनात्मक शिक्षा को विद्यार्थियों तक पहुँचाने के लिए दृढ़संकल्पित है हम आशा करते हैं कि हमारे विद्यार्थी सफलता के नित नये शिखर को छू सकने में सफल हो पाएं।

**नरेन्द्र सिंह रावत**
निदेशक



# प्रधानाचार्या की कलम से...

प्रिय अभिभावक,

**उठो जागो और तब तक नही रूको जब तक लक्ष्य पूरा नही हो जाए।**
**(स्वामी विवेकानन्द)**

जीवन में आगे बढने के लिए प्रयास अत्यंत आवश्यक है। प्रयासों की सफलता कठिन परिश्रम और दिये गए मार्गदर्शन पर निर्भर करती है। हमारे विद्यालय का उद्देश्य ऐसे कर्मठ नागरिकों को तैयार करना है जो कि भारत भूमि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिला सके।

विद्यालय द्वारा इस हेतु समय–समय पर पढाई के साथ–साथ विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है जो कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास में बहुत सहायक है। यहाँ विद्यार्थियों को ऐसा उपयुक्त वातावरण दिया जाता है जिसमें सभी विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम हो सके।

हम आशा करते है कि विद्यार्थी शिक्षकों के दिशा निर्देशन में सफलता की चरम सीमा को प्राप्त करने में सफल हो सकेंगे एवं उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।

**श्रीमती सुशीला नेगी**
प्रधानाचार्या



पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल एवं डॉ. ऐ.पी. जे. अब्दुल कलाम छात्र मुकेश जाट को विज्ञान प्रश्नोत्तरी के अवसर पर प्रोत्साहन एवं आशीर्वाद। सत्र 2005–06



राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के साथ रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन श्री बी.एस. रावत एवं निदेशक श्री नरेन्द्र रावत

# रावत एजुकेशनल ग्रुप – एक परिचय




रावत एजुकेशनल ग्रुप की यात्रा चेयरमैन श्री बी एस रावत द्वारा 1983 में रावत बाल विद्या निकेतन की स्थापना के साथ प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम विवेक विहार में 5 शिक्षकों और 50 विद्यार्थियों द्वारा स्थापित यह विद्यालय आज सफलता की ऊचाईयों को छू रहा है और अब यहाँ 100 शिक्षक 3000 विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे है। 12वीं तक चलने वाला विद्यालय कला, वाणिज्य और विज्ञान के साथ साथ कृषि संकाय में भी प्रवेश प्रदान करता है। यहाँ मेधावी छात्रों को छात्रवृति दी जाती है और यहाँ के विद्यार्थी प्रतिवर्ष आरबीएसई बोर्ड की परिक्षाओं में उच्च स्थान प्राप्त करके संपूर्ण ग्रुप को गौरवान्वित करते हैं।

रावत एजुकेशनल ग्रुप की इस प्रारंभिक संस्था के अतिरिक्त इसकी विभिन्न शाखाओं का विस्तार संपूर्ण जयपुर में हो चुका है। ग्रुप की द्वितीय शाखा रावत पब्लिक सी. सै. स्कूल के रूप में 1997 में नीलम पथ, मानसरोवर में स्थापित हुई। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी रावत ग्रुप ने अपनी एक विशेष पहचान बनाई है जिसके अंतर्गत रावत ग्रुप ऑफ कॉलेजेस हीरापुरा अजमेर रोड़ की स्थापना हुई। इस शिक्षण संस्थान में पीजी, बीएड, बीएसटीसी, नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग के कोर्स संचालित किये जाते है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक श्री हेमेन्द्र रावत के मार्गदर्शन में यह कॉलेज पल्लवित हो रहा है।

सीबीएसई स्कूल के रूप में प्रताप नगर सेक्टर 17 में रावत पब्लिक स्कूल की स्थापना 2009 में हुई । यह विद्यालय ब्रिटिश काऊंसिल द्वारा दिये गए आईडीएस अवार्ड से सम्मानित है एवं क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित है। बहुत कम समय में विद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर अपना वर्चस्व स्थापित किया है। सीबीएसई का यह विद्यालय निदेशक श्री नरेन्द्र सिंह रावत के मार्गदर्शन में पल्लवित हो रहा है। विद्यालय परिसर में स्थित स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स एवं निर्मला ऑडिटोरियम ने विद्यालय को एक खास पहचान दी है।

2018 में स्थापित रावत पब्लिक स्कूल भांकरोटा, रावत एजुकेशन ग्रुप की एक नई शुरूआत है। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त यह विद्यालय नवाचार एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है।


विद्याधनं सर्वधनात् प्रधानम्

# नवाचार युक्त परिसर



## अटल लैब

विद्यार्थियों को नवाचार युक्त शिक्षा देने के लिए एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए प्रायोगिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है अतः इस हेतु रावत सी सै स्कूल ने एक सुसज्जित अटल लैब स्थापित की है जहाँ विद्यार्थी प्रायोगिक शिक्षण तकनीक के माध्यम से जटिल से जटिल प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते हैं।



## पुस्तकालय एवं वाचनालय

विद्यालय में विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को उन्नत करने के लिए एक विशाल पुस्तकालय है जहाँ विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों का संग्रह है। यहाँ विद्यार्थी विभिन्न पुस्तकों, समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन के द्वारा अपना ज्ञान विकसित कर सकते है। यहाँ सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित 6000 से अधिक पुस्तकें सुसज्जित है। अपने रिक्त समय में विद्यार्थी पुस्तकालय के समीप स्थित वाचनालय में अध्ययन कर सकते हैं।



## कम्प्यूटर लैब

आधुनिक शिक्षा कम्प्यूटर के अभाव में संभव नहीं है अतः विद्यार्थियों को कम्प्यूटर की शिक्षा हेतु एक विशाल कम्प्यूटर लैब स्थापित की गई है जिसमें स्थित 100 से अधिक कम्प्यूटरों पर लगभग 100 विद्यार्थी ज्ञान प्राप्त करते हैं। समूचे विद्यालय में वाई-फाई की सुविधा भी दी गई है जिससे विद्यार्थी व्यापक स्तर पर सूचनाएं संग्रहित कर सकते हैं।

# नवाचार युक्त परिसर



## सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशालाएँ

वर्तमान युग विज्ञान का युग है विज्ञान विषय को समुचित रूप से समझने के लिए प्रयोगशालाओं की आवश्यकता होती है। अतः विद्यार्थियों की सुविधा हेतु भौतिकी प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला, भूगोल प्रयोगशाला, गृह विज्ञान प्रयोगशाला, चित्रकला प्रयोगशाला, कृषि प्रयोगशाला एवं मनोविज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की गई है। सभी प्रयोगशालाएं समुचित उपकरणों, अग्निशामक यंत्रों एवं सुरक्षा मानकों से सुसज्जित है। समस्त प्रयोग शिक्षकों के मार्गदर्शन में किये जाते है।



## शारीरिक विकास कार्यक्रम

विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के लिए खेल-कूद गतिविधियों की आवश्यकताओं को समझ कर विद्यालय द्वारा विशाल खेल के मैदान में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, वॉलीबॉल क्रिकेट ताइक्वांडो आदि खेलों को खेलने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए तैयार किया जाता है।



## योग द्वारा शारीरिक विकास

भारत की समृद्ध पुरातन परम्परा का प्रतीक है – योग, योग द्वारा विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रशिक्षण कुशल योग शिक्षकों द्वारा दिया जाता है। इस हेतु संचालित होने वाली योग कक्षाएं दैनिक पाठ्यक्रम का भाग बनाई गई है।

# सह शैक्षणिक गतिविधियाँ

**जीवन की गुणवत्ता उसकी गतिविधियों से निर्धारित होती है । (अरस्तु)**

रावत सी सै स्कूल विवेक विहार में सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर बल दिया जाता है इसके अतिरिक्त सम्भाषण वाद-विवाद, कविता-कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है साथ ही साथ सांस्कृतिक उत्थान की गतिविधियाँ भी संचालित होती हैं।

## आध्यात्मिक उत्थान हेतु गतिविधियाँ

आध्यात्म मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण भाग है, अध्यात्मिक उत्थान हेतु प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जाता है। प्रार्थना सभा में आयोजित प्रार्थनाएं व भजन एक पवित्र वातावरण का निर्माण करते हैं इसके साथ ही देशभक्ति गीतों एवं प्रेरक-प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिया जाता है। इसी के साथ ही समय-समय पर आध्यात्मिक कार्यशालाओं का आयोजन विभिन्न आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा किया जाता है।





## सामाजिक जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ

विद्यार्थी जीवन में शिक्षा विद्यार्थियों में समाज के प्रति जागरूकता प्रदान करती है। अत: विद्यालय में विद्यार्थियों को उनकी सामाजिक जागरूकता के लिए सजग बनाने हेतु विभिन्न अभियान यथा तम्बाकू विरोधी अभियान, बाल-विवाह विरोधी अभियान, स्वच्छता अभियान, बिजली-पानी बचाओं अभियान, पर्यावरण संरक्षण अभियान इत्यादि का आयोजन किया जाता है।



## शारीरिक विकास हेतु गतिविधियाँ

विद्यार्थियों के शारीरिक विकास हेतु विद्यालय स्तर पर अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विशेष प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर दिया जाता है।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

भारत विविधता में एकता वाला देश है। हमारे यहाँ विद्यार्थियों में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव समाहित किया जाता है। अतः विद्यालय में देश-विदेश की विभिन्न संस्कृतियों को परिलक्षित करने वाली सांस्कृतिक गतिविधियाँ तथा नृत्य व संगीत प्रतियोगिता, विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता एवं विभिन्न कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाती है। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपे हुए एक अच्छे नृतक, अच्छे गायक, एक श्रेष्ठ कलाकार एवं एक श्रेष्ठ लेखक का परिचय देना है।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियाँ

हर गतिविधि है एक झलक नवीनता की !
उत्साह की ! ऊर्जा की !












# प्रवेश सम्बन्धी नियम

## प्रवेश मापदण्ड

विद्यालय का शैक्षणिक सत्र अप्रेल माह से प्रारंभ होता है। नये प्रवेश उपलब्ध रिक्त स्थानों के आधार पर दिये जाते हैं। विद्यालय में प्रवेश जाति-पंथ लिंग एवं धर्म के बिना किसी पूर्वाग्रह के योग्यता के आधार पर दिये जाते हैं।

## प्रवेश हेतु योग्यताएँ

**कक्षा नर्सरी हेत :** प्रवेश के वर्ष के 31 मार्च को 3 वर्ष पूर्ण करने वाला विद्यार्थी।

**कक्षा 1 हेतु :** प्रवेश के वर्ष के 31 मार्च को 5 वर्ष पूर्ण करने वाला विद्यार्थी।

**कक्षा 1 से 8 हेतु :**

- आवेदकों की संख्या उपलब्ध सीटों की संख्या से अधिक होने पर विद्यालय द्वारा स्क्रीनिंग पद्धति को लागू करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- बिना औपचारिक परीक्षा या साक्षात्कार के सीधा प्रवेश।

**कक्षा 9 से 11 हेतु :** आरबीएसई द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों के अनुसार प्रवेश।

## आरटीई अधिनियम के अनुसार प्रवेश

**प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज:**

- ✓ दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो।
- ✓ पिछले स्कूल से मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र।
- ✓ जन्म तिथि प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति।
- ✓ पिछली कक्षा की मार्कशीट की सत्यापित फोटोकॉपी।
- ✓ आधार कार्ड की फोटोकॉपी।
- ✓ निवास प्रमाण की फोटोकॉपी।
- ✓ ओबीसी, एससी/एसटी प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी।
- ✓ ब्लड ग्रुप सर्टिफिकेट की फोटोकॉपी।

**कला विषय:**

- हिन्दी अनिवार्य
- अंग्रेजी अनिवार्य
- भूगोल
- राजनीति विज्ञान
- इतिहास
- चित्रकला
- गृह विज्ञान
- I.P.
- गणित
- अर्थशास्त्र
- हिन्दी साहित्य
- अंग्रेजी साहित्य
- संस्कृत साहित्य
- मनोविज्ञान

**वाणिज्य विषय:**

- हिंदी अनिवार्य
- अंग्रेजी अनिवार्य
- लेखाशास्त्र
- व्यवसाय अध्ययन
- अर्थशास्त्र
- गणित
- I.P.
- टंकण (अंग्रेजी/हिन्दी)




**विज्ञान विषय:**

- हिंदी अनिवार्य
- अंग्रेजी अनिवार्य
- भौतिक विज्ञान
- रसायन विज्ञान
- जीव विज्ञान
- गणित

**कृषि विज्ञान विषय:**

- हिंदी अनिवार्य
- अंग्रेजी अनिवार्य
- कृषि विज्ञान
- कृषि जीव विज्ञान
- कृषि रसायन विज्ञान


क्षणशः कणशश्चैव
विद्यामर्थं च साधयेत् ।
क्षत्यागे कुतो विद्या
कणत्योगे कुतो धनम् ।।

# प्रवेश एवं आचार संहिता



## प्रवेश आवेदन प्रपत्र एवं शुल्क जमा कराना

**प्रवेश आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित पूर्तियाँ करना आवश्यक है:**

1. नवीन शिक्षार्थी प्रवेश आवेदन पत्र के साथ गत विद्यालय का मूल स्थानान्तरण-पत्र (टी.सी.) व पिछली कक्षा की अंक तालिका की फोटो प्रति भी संलग्न करें। राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणित मूल टी.सी. जमा करायें। साथ ही आधार कार्ड की प्रति भी संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र जमा कराने के समय ही विद्यालय का निर्धारित शुल्क जमा करावें। जो किसी भी स्थिति में वापस लौटाया नहीं जाएगा।
3. शिक्षार्थी शुल्क जमा कराकर कार्यालय से प्राप्त रसीद कक्षाध्यापक को दिखावें, तभी शिक्षार्थी को कक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।
4. जो शिक्षार्थी प्रवेश आवेदन पत्र तथा शुल्क को नियत दिनांक तक जमा नहीं करायेंगें, तो उनका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
5. विद्यालय में नियमित आना अनिवार्य है। किसी कारणवश छुट्टी पर रहने की स्थिति में अवकाश प्रार्थना पत्र स्वीकृत करवाना अनिवार्य है। बिना सूचना 10 दिन से अधिक अनुपस्थित रहने पर नाम पृथक कर दिया जाएगा।
6. प्रवेशित आवेदन पत्र में अपूर्णता होने पर प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
7. प्रवेशित शिक्षार्थी को विद्यालय की आचार संहिता का पालन करना एवं अनुशासन में रहना अनिवार्य हैं। आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बिना कोई सूचना दिए शिक्षार्थी को विद्यालय से निष्कासित कर टी.सी. दे दी जाएगी।

## विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता

विद्यालय सभी छात्रों से यह अपेक्षा रखता है कि आचार संहिता का पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ वहन करकें एवं प्रगति पर अग्रसर होकर पारस्परिक स्नेह, अनुशासन एवं सहकारिता से विद्यालय का गौरव बढ़ावें।

1. अनुशासन एवं समुचित व्यवस्था हेतु आप एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते समय, अपनी प्रयोगशाला में कार्य करते समय, पुस्तकालय एवं वाचनालय में अध्ययन के समय शांतिमय वातावरण बनायें और पंक्तिबद्ध होकर चलें।
2. विद्यालय आपका है अतः आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आप विद्यालय भवन, फर्नीचर, बिजली फिटिंग, प्रयोगशाला सामग्री आदि का न तो स्वयं ही दुरूपयोग करेंगे और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देंगे। सम्पत्ति को हानि पहुंचाने पर आप दण्ड के भागीदार होंगे और सम्पत्ति की क्षतिपूर्ति के साथ-साथ आपको विद्यालय से निष्कासित भी किया जा सकता है।



3. किसी भी कालांश के रिक्त होने पर कक्षा के बाहर नहीं जायें तथा अनावश्यक रूप से बरामदों में नहीं खड़े हो सकते। साथ ही विद्यालय में अपने परिचितों, मित्रों को मिलने-जुलने नहीं बुला सकते।
4. सत्र में यदि किसी छात्र का आचरण विद्यालय आचार संहिता के विपरीत पाया जाता है तो बिना कोई सूचना दिये बालक को टी.सी. देकर उसका नाम विद्यालय पंजिका से पृथक किया जा सकता है।
5. विद्यालय की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। कागज के टुकड़े कचरा पात्र में डालें, विद्यालय की दीवारों को खराब न करें।
6. प्रत्येक विद्यार्थी से यह अपेक्षा की जाती है कि पुस्तकालय का उपयोग तथा नियमों का पालन पूर्ण निष्ठा से करें।
7. जर्दा, गुटखा खाना व धूम्रपान करना विद्यालय में प्रतिबन्धित है एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे छात्रों को विद्यालय में अध्ययन सुविधा नहीं दी जायेगी।
8. विद्यालय नियम, सत्र में होने वाले अवकाश, शुल्क विवरण, निर्देश, आचार संहिता, परीक्षा-संबंधी नियम आदि से युक्त विद्यालय दैनिकी जुलाई मास में प्रत्येक शिक्षार्थी को मूल्य लेकर प्रदान की जावेगी। शिक्षार्थी को विद्यालय दैनिकी विद्यालय में प्रतिदिन लाना अनिवार्य है।
9. विद्यालय में साइकिल, स्कूटर आदि रखने हेतु स्टैण्ड की व्यवस्था है। वाहन लाने वाले शिक्षार्थियों को अपने वाहन का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। शिक्षार्थी को अपना वाहन निर्धारित स्थान पर ही ताला लगाकर रखना चाहिए। घर से विद्यालय तक शिक्षार्थियों को लाने व ले जाने के लिए विद्यालय की बसे हैं। यह सुविधा शिक्षार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराने पर ही उपलब्ध होगी। वाहन शुल्क प्रतिमाह देना होगा तथा वाहन सुविधा छोडने से पूर्व लिखित स्वीद्धति आवश्यक है अन्यथा परीक्षा परिणाम जिस माह में घोषित होता हैं वहाँ तक शुल्क देना होगा। दसवीं व बाहरवीं के बच्चों का फरवरी तक एवं शेष कक्षाओं के बच्चों का अप्रेल माह तक का शुल्क लगेगा।
10. विद्यालय में मोबाईल लाना निषेध है, अन्यथा जब्त कर लिया जायेगा, 200 रु. जुर्माना अदा करने पर ही लौटाया जायेगा। दुबारा लाने पर पूरे सत्र के लिए जब्त होगा।

**नोट : विद्यालय से संबंधित सभी प्रकार के विवादों का समाधान न्यायिक कार्यक्षेत्र जयपुर होगा। अन्य जिलों/जगहों के लिए विद्यालय जवाबदेह नहीं है।**

विद्यालय में छात्राओं के लिए हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। छात्रावास में खाने व रहने की सुविधा उपलब्ध है। इस हेतु दो किस्तों में छात्रावास की फीस जमा की जाती है। प्रथम किस्त प्रवेश के समय नकद व शेष किस्त के लिए अग्रिम चैक जमा किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में छात्रावास की फीस नहीं लौटाई जाएगी।

एक बार छात्रावास में प्रवेश लेने के पश्चात् छात्रा का उस सत्र के लिए छात्रावास नहीं छोड़ सकेगी। बीच सत्र में हॉस्टल छोडने पर भी पूरे सत्र की फीस देनी होगी। किसी भी छात्रा द्वारा अनुशासन तोडने पर उसे हॉस्टल से निष्कासित किया जा सकेगा तथा उसकी फीस जब्त कर ली जायेगी।

# TOPPERS

**शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों को सीखना नहीं होता है, बल्कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य दिमाग को प्रशिक्षित करना होता है – अल्बर्ट आइन्स्टीन**


## कक्षा 10



आयुष भारद्वाज 97% | भुमिका खंगारोत 97% | कमल नील 97% | प्रियांशु महावर 96% | दिपांशु सैनी 96% | काजल तँवर 95.83% | प्रियांशी जाटव 95%



खुश शर्मा 94.83% | बबली मीणा 94.50% | प्रियांशी चौधरी 94% | सुनिल कुमार यादव 94% | चंचल सिंह चौहान 93% | नरेश शर्मा 92.83% | ट्विंकल सैनी 92.33%



राजकुमार शर्मा 92% | शिवांग दाधीच 92% | अंकित गोयल 91.83% | वंदना शर्मा 91.67% | कोमल कुमारी 91.50% | तनीषा धावा 91.50% | सुष्मिता थापा 91.17%



पुनीत सैनी 91% | कृष्णा साहू 90.67% | भारती सैनी 90.50% | रुप सिंह गुर्जर 90.33% | हर्षिता दायमा 90.17% | वंशिका शर्मा 90%

## कला



शिल्पा डेकवाल 98.20% | नेहा सैनी 96.20% | अन्वेशा शर्मा 93.20%



अनुश्री मिश्रा 92.60% | तनुश्री बिलोनिया 91.80 | अंकिता पोखरियाल 91.60



ज्योति यादव 91.20% | कशिश गुप्ता 90.80% | देवाशीष यादव 90%

## वाणिज्य



संजना लबानिया 95% | कुणाल दौलानी 93% | तनुजा गिरी 92%



प्रदीप लोधी राजपूत 92% | प्राची अग्रवाल 91% | तनिष्क शर्मा 91%



चाहत मीणा 90.80% | प्रिया यादव 90.60% | प्रियंका शर्मा 90.40%

# ALUMNI'S VIEWS



**बलदेव दीक्षित**
Batch: 2014
Chartered Accountant
मैं वास्तव में धन्य हूं कि मैने अपनी स्कूली शिक्षा रावत सी.सै. स्कूल से पूरी की है। विद्यालय का वातावरण बहुत की मिलनसार और अनुशासित है।

**लखन मित्तल**
Batch: 2014
Businessman
रावत सी.सै. स्कूल में मैने उद्यमशीलता एवं आत्मविश्वास को प्राप्त किया जो कि अब मेरे व्यापार में भी मेरा सहायक है।





**डॉ. स्मृति सबनानी**
Batch: 2011
PG Obstetrics and Gynaecology, AIIMS, Rishikesh
रावत सी.सै. स्कूल के संकाय छात्रों के प्रति बहुत मेहनती और सहयोगी है। यहां शिक्षा औपचारिकता नहीं है।

**हीना गोयल**
Batch: 2013
Junior Assistant in Water Resources, Gov of Raj
रावत सी.सै. स्कूल मेरे लिए एक स्कूल से बढ़कर था। इसका हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। एक ऐसी जगह जहां मैंने ज्ञान और शिक्षा प्राप्त की।





**अभिनव शेखर वशिष्ठ**
Batch: 2011
IIIT, Jabalpur • Co-Founder of WeVOIS Labs
मैं रावत एजुकेशनल ग्रुप और रावत सी.सै.स्कूल को उनके द्वारा किए गए सभी प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूं।

**निकिता गोयल**
Batch: 2010
Owner of Namo Computer Education
मेरे जीवन के सर्वश्रेष्ठ निर्णयों में से एक रावत सी. सै. स्कूल था जिसने मुझे मेरे गंतव्य तक पहुँचाया। रावत एजुकेशनल ग्रुप से जुड़ा हर एक व्यक्ति अपने आप में बहुत कुशल है जिसके कारण यह सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थान है।



# ALUMNI'S VIEWS



**डॉ. नवदीप सोखल**
BATCH: 1996
Additional Professor, Neuroanesthesiology and Critical Care, All India Institute of Medical sciences, New Delhi, Neuroanaesthesia, Critical Care
मैं यहां की संस्कृति से बहुत प्रभावित हुआ। जब मैने स्कूल में प्रवेश लिया तब चेयरमेन सर एवं प्रिंसिपल मैडम ने मेरा मार्गदर्शन किया।

**डॉ. सुमन सोखल**
BATCH: 1999
Assistant Professor, Neuroanaesthesiology and Critical Care
All India Institute of Medical Sciences, New Delhi
मैं व्यक्तिगत तौर पर रावत स्कूल को सर्वश्रेष्ठ स्कूल मानती हूँ। यहां पर शिक्षा प्राप्त करना आनन्दायक रहा। यहां पर अनुशासन सर्वोपरि रहता है।





**दीक्षा शर्मा**
Batch: 2009
RAS, 2018
प्रोफेशनल लाइफ में करियर बनाने में स्कूली शिक्षा अहम भूमिका निभाती है। रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुझे सभी शिक्षकों द्वारा ठीक से निर्देशित किया गया था।

**डॉ.सिल्की कोठीवाल**
Batch: 1999
Consultant Gynecologist, Behrain specialist Hospital, Behrain
रावत सी.सै. स्कूल लगभग मेरा दूसरा घर था। यहां का केम्पस और एक्टीविटीस बहुत शानदार थी, मैने परीक्षा में अच्छे अंक यहां के शिक्षकों द्वारा दिये गये मार्गदर्शन से प्राप्त किये।





**बृजेश वर्मा**
Batch: 1993
Human space Flight centre of ISRO
Designation: Scientist/Engineer 'SG'
रावत सी.सै. स्कूल ने मेरे जीवन को बदल दिया है और करियर की नींव के रूप में कार्य किया है। इस स्कूल ने मुझमें जीवन के मूल्यों और कौशलों का संचार किया है।

**डॉ. भ्रात्रि भूषण**
Batch: 2001
Oncology and Haematology specialist at Jindal Institute of Medical Sciences, Hissar
Rajasthan Gaurav Award 2020 and Bharat Jyoti Award 2021
मैं अपने स्कूल की बहुत सराहना करता हूँ जहाँ मैंने नैतिकता और मूल्यों को सीखा और अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की। मैं इस संस्थान का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।



NIRMALA AUDITORIUM
a dream destination


# NIRMALA AUDITORIUM

SEC-17, PRATAP NAGAR, JAIPUR | 0141-2796929 | +91-8949085090





Stage View


Auditorium



Taekwondo


Badminton Court


Multipurpose Hall


Seminar Hall

# GLIMPSES OF THE GLORIOUS MOMENTS OF 2019



Prateek Kuhad Winter Tour



'Jealous of Sabjiwala' Abhishek Upmanyu Comedy Show




'Shabd Bhaskar' by Dainik Bhaskar



Jaipur Pink Panther Promotion



'SETTERS' Movie Promotion



D-Fest 2019 Pre Round



Punjabi Singer Johny Seth



'My City Champ' by 94.3 FM



Shyam Bhajan Sandhya



Jaipur Ratna Samman Samaroh

# गौरव के क्षण



शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित एजुकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2021 महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा दिया गया।



मेरी आइडेंटीटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया।



91.1 रेडियो सिटी द्वारा मोस्ट प्रोग्रेसिव स्कूल अवार्ड प्रसिद्व राजस्थानी सिंगर श्री रविन्द्र उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि श्री रफीक खान द्वारा दिया गया।



क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा रावत पब्लिक स्कूल को वर्ष 2019 से 2022 तक के लिए मान्यता दी गई।




रावत पब्लिक स्कूल को ब्रिटिश काउंसिल द्वारा आईडीएस अवार्ड 2019 – 2022 से सम्मानित किया गया।



पूर्व गर्वनर हरियाणा श्री कप्तान सिंह सोलंकी और चेयरमैन रावत ग्रुप श्री बी.एस रावत की शिष्टाचार भेंट।



श्री नरेन्द्र सिंह रावत निदेशक रावत एजुकेशनल ग्रुप को अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा गीता भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया।



श्री नरेन्द्र सिंह रावत निदेशक रावत एजुकेशनल ग्रुप को श्री कैलाश विजयवर्गीय (एन.जी.एस – बीजेपी) द्वारा राजस्थान एजुकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।



श्री नरेन्द्र सिंह रावत निदेशक रावत एजुकेशनल ग्रुप को तमिलनाडु के पूर्व गर्वनर डॉ. भीष्म नारायण सिंह और पूर्व चुनाव आयुक्त श्री जी.वी.जी द्रष्ण मूर्ति द्वारा भारत गौरव अवार्ड दिया गया।



राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन श्री बी.एस रावत एवं निदेशक श्री नरेन्द्र सिंह रावत की शिष्टाचार भेंट।



पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान श्रीमती वसुंधरा राजे एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन श्री बी.एस रावत की शिष्टाचार भेंट।



रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन श्री बी.एस रावत पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी पाटिल द्वारा सम्मानित।


रावत

दैनिक भास्कर | राजस्थान पत्रिका | दैनिक नवज्योति | THE TIMES OF INDIA | hindustantimes | पंजाब केसरी | डेली न्यूज़ | DNA | हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

# GLIMPSES OF MEDIA COVERAGE



होम डिलीवरी का ऑप्शन हो सकता है कारगर

CITY LITE

'मिठास' में साकार हुई राजस्थानी संस्कृति

जरूरतमंद परिवार के बच्चों के साथ मनाया नव वर्ष

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री हरीश रावत का स्वागत

## रावत को लुमिनारिस ऑफ राजस्थान अवॉर्ड

सिटी रिपोर्टर | रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी. एस. रावत को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लुमिनारिस ऑफ राजस्थान अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड राजस्थान के परिवहन मंत्री यूनुस खान द्वारा दिया गया। अवॉर्ड सेरेमनी में राजस्थान के चयनित ग्रुप्स को आमंत्रित किया गया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर हेमेंद्र सिंह रावत और नरेंद्र सिंह रावत को भी ग्रुप के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सम्मानित किया गया।

रावत को एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

योगा के साथ दिखी संस्कृति की झलक

उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए रावत का हुआ सम्मान

JAIPUR, FRIDAY, 06/01/2017

NEWS IN BRIEF

नरेंद्र सिंह को मिला संस्कार गौरव अवॉर्ड

दैनिक भास्कर

नरेंद्र 'मेरी आइडेंटी इंटरनेशनल अवार्ड' से सम्मानित

रावत एजुकेशनल ग्रुप की ओर से कैम्पेन शुरू

पौधरोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे 15 हजार स्टूडेंट्स

जयपुर @90.17%, इस बार 2.64% बढ़ा परिणाम

समाचार जगत

नरेन्द्र सिंह रावत सम्मानित

रावत स्कूल के बच्चों का परचम, निकिता के 97.80

आरबीएसई स्कूल टॉपर

वाणिज्य संकाय में निकिता टिकर ने 97.8, मोहित ने 92, नितिन ने 91.8, दुष्यंत ने 87.4 और मयूरी गुप्ता ने 85.2% अंक प्राप्त किए।

निकिता टिकर 97.8% (कॉमर्स)

विज्ञान में गिरा, कॉमर्स में चढ़ा रिजल्ट का ग्राफ

रावत सी.सै. स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं कॉमर्स में लहराया परचम

निकिता ने हासिल किए 97.8 फीसदी अंक

महानगर टाइम्स

रावत स्कूल के छात्रों का 12वीं में परचम

परिवार को दिया समय, ऑनलाइन स्टडी पर फोकस

विज्ञान में गिरा, कॉमर्स में चढ़ा रिजल्ट का ग्राफ

Let's switch to techno-friendly teaching methods

12वीं बोर्ड कला संकाय में रावत स्कूल ने लहराया परचम

तीन स्टूडेंट लाए 90 फीसदी से अधिक अंक

रावत स्कूल की कोमल ने मेरिट में 13वां एवं स्थान पाया

जयपुर। मानसरोवर स्थित रावत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कोमल मित्तल ने 95.17 फीसदी अंक के साथ मेरिट सूची में 13वां स्थान प्राप्त किया है। कोमल का कहना है कि यह सफलता उसे परिजनों और स्कूल के अध्यापकों के मार्गदर्शन से मिली है। भविष्य में वह आईएएस बनना चाहती है। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत और प्राधानाचार्य सुषमा चौहान ने विद्यार्थियों और अध्यापकों को बधाई दी।

रावत स्कूल का 12वीं आर्ट्स के रिजल्ट में परचम

स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन

चार सौ लोगों ने रावत स्कूल में लगवाई वैक्सीन

न्यू सांगानेर रोड स्थित रावत पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम में बुधवार को कलो डे का आयोजन किया गया। इसमें प्री प्राइमरी के बच्चों ने भाग लिया तथा सभी बच्चे यलो कलर की ड्रेस पहन कर आए।

फादर्स डे: कामयाबी के आधार बने पिताजी

उत्कृष्ट सेवा के लिए लादूसिंह व मनीषा का जयपुर में सम्मान

## रावत कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

जयपुर। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन और राष्ट्रीय उत्तराखंड सभा के अध्यक्ष श्री बी एस रावत के जन्मदिवस पर रावत कॉलेज,करनी विहार,अजमेर रोड पर आज 9 से 3 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अधिक जानकारी देते हुए रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पिछले 5 सालों से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है इस वर्ष भी 500 से अधिक लोगों ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया है।

चैरिटी डे के रूप में मनाया युवा शिक्षाविद रावत का जन्मदिन

रावत ग्रुप के चेयरमैन, डायरेक्टर व लोहार ट्रस्ट को एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

Rawat Educational Group

Since 1983

# RAWAT EDUCATIONAL GROUP

## JAIPUR

### SCHOOLS

- **RAWAT SR. SEC. SCHOOL**
  (Sodala, Jaipur) RBSE
  Phone: 0141-2291257
- **RAWAT PUBLIC SR. SEC. SCHOOL**
  (Mansarovar, Jaipur) RBSE
  Phone: 0141-2394199
- **RAWAT PUBLIC SCHOOL**
  (Sodala, Jaipur) RBSE
  Phone: 0141-2291257
- **RAWAT PUBLIC SCHOOL**
  (Pratap Nagar, Jaipur) CBSE
  Phone: 0141-2796929, +91 7300000875
- **RAWAT PUBLIC SCHOOL**
  (Bhankrota, Jaipur) CBSE
  Phone: +91 7300000801

### COLLEGES

- **RAWAT Co-Ed COLLEGE**
- **RAWAT B.ED & BSTC COLLEGE**
- **RAWAT NURSING & POST BASIC NURSING COLLEGE**
  (Karni Vihar, Heerapura, Jaipur)
  Phone: 0141-2810158, 2812781

### Nirmala Auditorium

Pratap Nagar, Jaipur
Phone: +91 8058007777, +91 8949085090

### Rawat Cricket Ground

Bhankrota, Jaipur

Akshendra WELFARE SOCIETY
The Voice of Humanity...
Phone: +91 8058007777

WHERE LIFE MEETS
KNOWLEDGE

Follow us:

Since 1983

# रावत सीनियर सैकण्डरी स्कूल


*विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर - 302019*

Phone: 0141-2291257 • email: rawatschool1983@gmail.com

Website: rawatschoolsodala.com


Design & Print at SAKSHI PRINTERS # 9829799888, 9001478777